कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.01.2024

विषय:- मंदिरों के दानपात्रों से रुपये चोरी करने वाला वांछित अभियुक्त दयाशंकर उर्फ अमन थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 1460/- रू0 शेष, विभिन्न औजार, 01 अदद मोबाइल व 01 अदद बाइक बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0-0387/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त दयाशंकर उर्फ अमन पुत्र ब्रह्मदेव प्रसाद निवासी ग्राम छितौनी थाना चौबेपुर जिला वाराणसी को आज दिनांक-07.01.2025 को समय 01.45 बजे ब्रह्मदेव बाबा मन्दिर भटपुरवा खुर्द के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 1460/- रू0 शेष, विभिन्न औजार, 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल व 01 अदद बाइक बरामद हुई। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 26.11.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात चोर द्वारा कटका डीह बाबा मन्दिर पलहीपट्टी के बाहर रखे दानपात्र से रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर मे मु0अ0सं0-387/2024 धारा 303(2) बीएनएस बनाम् अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रभूषण के द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त दयाशंकर उर्फ अमन ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं यह मोटरसाइकिल किश्त पर लिया हूँ, जिसका किश्त जमा करने के लिए मन्दिर में रखे दानपात्र को तोड़कर पैसा चोरी करने के लिए आज रात में ब्रह्मदेव बाबा मन्दिर भटपुरवा खुर्द मन्दिर पर मन्दिर में रखे दान-पात्र को तोड़कर पैसा चोरी करने के लिये आया था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। इसके करीब एक डेढ़ महीना पहले भी मैं कटका डीह बाबा मन्दिर पलहीपट्टी से तीन दानपात्र तोड़कर लगभग आठ हजार रूपये चोरी किया था, जिसमें से और रूपये खर्च हो गये है, ये उसी में से बचे रूपये है जो मेरे पास से बरामद हुए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

दयाशंकर उर्फ अमन पुत्र ब्रह्मदेव प्रसाद निवासी ग्राम छितौनी थाना चौबेपुर जिला वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- ब्रह्मदेव बाबा मन्दिर भटपुरवा खुर्द के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-07.01.2025 को समय 01.45 बजे।

बरामदगी विवरण-

1- कटका डीह बाबा मन्दिर से दान पात्र तोड़कर चोरी का 1460/- रू0 शेष
2- विभिन्न औजार (01अदद प्लास लोहे का,01 अदद पेंचकस,01 स्टील का चाकू व 01 अदद लोहे का छड़)
3- 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल ओप्पो कम्पनी
4- 01 अदद बिना नम्बर प्लेट की टीवीएस अपनाचे RTR-160 बाइक जिसका चेचिस नम्बर MBD634BE83R2L25229 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0387/2024 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 चन्द्रभूषण थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 दयाशकंर यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 जगजीवन राम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 रजनीश सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी